



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 326 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 13 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## किशोरी ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के पटवा एकेडमी स्कूल परिसर स्थित एक सर्वेंट क्वार्टर के कमरे में 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि मोबाइल नहीं मिलने के कारण किशोरी ने यह कदम उठाया। जानकारी के मुताबिक जिले के जीरन थाना क्षेत्र के गांव भीलों का खेड़ा की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी कुछ समय पहले अपनी मौसी के साथ झंझारवाड़ा रोड हवाई पट्टी के सामने एक स्कूल में बिल्डिंग नंबर 8 में रह रही थी। जहां उसने बुधवार-गुरुवार की रात कमरे में अपने ही दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मौसी स्कूल परिसर में साफ सफाई का काम करती थी।जब सुबह उठाने के लिए मौसी ने दरवाजा खोला तो वह फंदे से लटकती मिली। इसके बाद स्कूल स्टाफ और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर नीमच बड़े अस्पताल भेज दिया। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## राहुल गांधी अब नादान परिंदे नहीं हैं...

अमेरिका में राहुल के कहे और किए के बाद अब राहुल गांधी को 'नादान परिंदे' वाली छवि से जोड़कर देखना बड़ी भूल होगी। राजनीतिक लाभ होता देख राहुल अब कुछ भी कर और कह सकते हैं। इसका देश और समाज पर क्या असर होना है, यह अब राहुल और उनके रणनीतिकारों के सोचने का विषय नहीं रह गया है। राहुल के कहे के खतरों को अब खुद देश को समझना और भोगना होगा। जातिगत जनगणना और आरक्षण को लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा करने की सफलता का स्वाद कांग्रेस और उसके सहयोगी चख चुके हैं। वामपंथियों के प्रभाव में राहुल का प्रयोग लोकसभा चुनाव में काफी हद तक सफल रहा। वह भी इस संदर्भ में कि राहुल देश के बहुसंख्यक समाज के बीच निर्णायक विभाजन रेखा खींचने में सफल रहे।


प्रकाश भटनागर

हांडी के एक चावल की तरह उत्तरप्रदेश को लीजिए। राहुल के इस प्रयोग का असर यह कि जातिगत सियासत के इस गढ़ में भाजपा को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ गया। इसके बाद से जाति का विवाद जैसे राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बन गया है और राहुल तो जैसे सोते-जागते 'कौन जात बा' का रट्टा ही लगाने लग गए हैं। तो जब एक बार यह हुआ कि आप बहुसंख्यकों को विभाजित करने में सफल रहे तो दूसरी बार यह कोशिश भी कर ली गई है कि देश को किस तरह गृह युद्ध वाली स्थिति में लाने के लिए पर्याप्त रूप से सक्षम एक और प्रयोग में धकेल दिया जाए।

अमेरिका में राहुल जब यह कहते हैं कि भारत के सिखों को उनके धार्मिक प्रतीकों के साथ धर्म स्थलों पर जाने नहीं दिया जाता। तब इसे मात्र उनकी अज्ञानता का परिचय मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। यह बेहद सोचा-समझा कदम है। प्रयास ('साजिश' कहना अधिक ठीक लगता है) यह कि सिख समुदाय को बरगलाया जा सके। इससे पहले तक यकीनन राहुल बे-सिर पैर की बातें करने में महारत रखते थे, लेकिन अब वह एक खतरनाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के काम में जुट गए हैं।

सभी जानते हैं कि देश में सिखों के साथ इस तरह के भेदभाव वाली कोई स्थिति नहीं है। हां, एक बार यह स्थिति बनाई गई थी और उसके पीछे उसी कांग्रेस का ही हाथ था, जिसका नेतृत्व आज वे खुद कर रहे हैं। इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख सुरक्षाकर्मियों ने की थी। लेकिन, कांग्रेस ने देश-भर में हत्यारों को 'सिख' बताकर प्रचारित किया। नतीजा यह कि 1984 के दंगों में सिख समुदाय के करीब चार हजार लोगों की जान ले ली गई। यह वही सामूहिक नरसंहार था, जिसके पक्ष में राहुल के पिता राजीव गांधी ने कहा था कि जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो जमीन कांपती ही है। यह वही आतंकवाद था, जिसकी जड़ में कांग्रेस थी। देश भर में सिखों पर हुए अत्याचार के पीछे तब कांग्रेस के ही नेता थे।

पंजाब में अकाली राजनीति को कमजोर करने के लिए किस तरह इंदिरा जी के समय ही सिखों के एक वर्ग को चरमपंथ से लेकर आतंकवाद तक के लिए तैयार किया गया। यह किसी से भी छिपा नहीं है। सभी जानते हैं कि पंजाब का खालिस्तान वाला आंदोलन इसलिए आतंकवाद तक पहुंच गया कि इंदिरा जी ने उस पर समय रहते काबू पाने की कोई कोशिश नहीं की। वो कहते हैं ना कि कोई कुटिल डॉक्टर किसी फुंसी के इलाज में रूचि नहीं लेता। जब फुंसी बढ़कर नासूर का रूप ले लें, तब वह इलाज करता है। ताकि एक जटिल बीमारी से निजात दिलाने वाली छवि का लाभ उठा सके। इंदिरा जी ने भी यही किया और पंजाब में अलग राज्य की बात किसी नासूर की तरह सारे देश का सिर दर्द बन गयी। जब यह पर्याप्त रूप से हो गया, तब इंदिरा जी ने स्वर्ण मंदिर में सेना को भेजकर यह संदेश देने की कोशिश की कि वह बड़े संकट में कड़े निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं।

अब एक सवाल। क्या वाकई सिख समुदाय को राहुल गांधी सहित किसी भी अन्य राजनीतिक व्यक्ति या दल के रहमो-करम की जरूरत है। यह समुदाय मुगल काल में अमानुषिक अत्याचारों का शिकार हुआ। अंग्रेजों ने जाते-जाते जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री बनाया और इसी के आसपास हुए देश विभाजन में न जाने कितने ही सिखों की जान ले ली गई। फिर 1984 में सिखों ने जो झेला, वह तो ऊपर बताया ही जा चुका है। तो जो समुदाय अतीत से लेकर अब तक के अनाचारों के बाद भी अपनी एकजुटता, देश के जान देने की क्षमता और जीवटता के दम पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, उस समुदाय के लिए एक निरी झूठी सहानुभूति जताकर राहुल सिखों के गौरवमयी अतीत तथा आज को कलंकित करने का काम भी कर रहे हैं।

ये हालात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के लिए बहुत बड़ी चुनौती हैं। जातिगत राजनीति की बात कर राहुल सामाजिक समरसता के लिए संघ की कोशिशों को भारी नुकसान पहुंचा चुके हैं। तो अब भाजपा को यह करना होगा कि वह दलित और जनजाति समुदाय के बीच अपने विश्वास को स्थापित करने के लिए नए कदम उठाए। बेशक राष्ट्रपति पद सहित इक्का-दुक्का राज्यों में इसी वर्ग के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने कुछ वाहवाही हासिल की है, लेकिन यह दल अब तक आम दलितों के दिल तक नहीं पहुंच सका है, खासकर अनुसूचित जातियां अब भी इसकी नीयत पर शक कर रही हैं।

शायद इसकी बड़ी वजह यह कि इस पार्टी ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों को जिस तरह का राजनीतिक प्रतिनिधित्व.... शेष पेज 4 पर

## ऑटो वालों को सजा, बस वालों को माफी...

# कबाड़ के पार्ट्स से असेंबल होती बसें



### एक ही नंबर और परमिट पर दौड़ रही दो-दो बसें

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सड़क सुरक्षा सप्ताह में आरटीओ विभाग ने भी औपचारिकता निभाना शुरु कर दी है। इस विभाग के टॉरगेट पर रहे ऑटो और मैजिक चालक। जबकि, जिले में दौड़ रही नियम विरुद्ध बसों पर ठोस कार्रवाई नहीं देखने को मिली। मंदसौर जिले से गुजर रही या मंदसौर जिले में चल रही बसों में भी तगड़ा खेल किया जा रहा है। कबाड़ के पार्ट्स से असेंबल एक ही नंबर और परमिट की बसें जिले की सड़कों से गुजर रही है। चंद रुपए बचाने के लिए बस मालिक नियमों की अनदेखी करते हैं। एक ही नंबर और परमिट पर दो-दो बसें दौड़ाते रहते हैं। कबाड़ से पार्टर्स लेकर बसें असेंबल की जाती हैं। इसकी जानकारी भी परिवहन विभाग को नहीं दी जाती। कुछ बस चालकों से इस पूरे खेल के बारे में चर्चा में बहुत कुछ सामने आया।

### यह है बस बनने और रजिस्ट्रेशन की प्रोसेस...

चेसिस किसी भी चार पहिया वाहन का आधार होता है, जिस पर पूरा ढांचा खड़ा होता है। बस मालिकों को वाहन कंपनी से चेसिस ही मिलता है। अलग-अलग सिटिंग कैपेसिटी के हिसाब से चेसिस होता है। इसे एक नंबर भी दिया जाता है। इसके बाद बस ऑपरेटर अपने हिसाब से उस पर बॉडी बनवाते हैं। बॉडी बनाने वाली कंपनियां भी रजिस्टर्ड होती हैं। नियमानुसार तैयार बस को रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस ले जाया जाता है। रजिस्ट्रेशन के पेपर्स में बस का इंजन नंबर, चेसिस नंबर, मॉडल नंबर, रजिस्ट्रेशन तारीख, कलर, सिटिंग कैपेसिटी, व्हील बेस, मालिकाना हक, बीमा और रजिस्ट्रेशन की वैलेडिटी समेत अन्य जानकारियां दर्ज की जाती हैं। इसके बाद ही गाड़ी रोड पर आती है।

### इसके बाद ऐसे होता है खेल...

**पहला** – बस मालिक के पास कई गाड़िं होती हैं। होता यूं है कि कोई नई गाड़ी एक्सीडेंट में डैमेज हो गई। उसमें से अच्छे पार्टर्स निकलवाकर दूसरी पुरानी गाड़ियों में लगवा देते हैं, जबकि उसके आरटीओ नंबर पर पुरानी गाड़ी चलाते हैं। किसी गाड़ी का चेसिस या दूसरा पार्ट खराब हो गया हो, पुराना या टूट-फूट गया हो, तो कई बार बस ऑपरेटर या तो नया चेसिस खरीदते हैं या कबाड़ से ले लेते हैं। उस पर पुरानी बस की बॉडी लगवा लेते हैं। नियमानुसार यदि बस का चेसिस बदला जाता है, तो आरटीओ को जानकारी देना जरूरी है। रजिस्ट्रेशन में भी अपडेट कराना होता है। लेकिन, पैसे बचाने के लिए अधिकांश बस ऑपरेटर ऐसा नहीं करते।

### दूसरा- जुगाड़ से बनवा लेते हैं पूरी बस...

खेल करने वाले बस ऑपरेटर पूरी बस ही जुगाड़ से बनवा लेते हैं। जैसे- इंजन कहीं से खरीद लिया, चेसिस कबाड़ से ले लिया। इसी तरह, अन्य पार्टर्स भी जुगाड़ कर बस तैयार करवा ली जाती है। बस का रजिस्ट्रेशन कराने की जगह किसी दूसरी बस की नंबर प्लेट इस पर लगा देते हैं। ऐसे में आरटीओ के पास यह जानकारी ही नहीं होती कि ये कौनसी बस है। वह बस नंबर प्लेट ही देखते हैं। उसके हिसाब से ही दस्तावेज देख लेते हैं।

### तीसरा- एक ही नंबर और परमिट पर दो गाड़ियां...

कई बस ऑपरेटर एक ही नंबर और परमिट पर दो गाड़िया चलाते हैं। कई गाड़ियों से आरटीओ रजिस्ट्रेशन में लिखे चेसिस नंबर, इंजन नंबर इसलिए नहीं मिलते क्योंकि गाड़ी ही दूसरी होती है। जैसे- एक बस का आरटीओ नंबर दूसरे की बस पर लगाकर चलाओ। कई लोग तो परमिट भी जालसाजी से बनवा लेते हैं। अगर नियमानुसार गाड़ी की जांच की जाए, तभी फर्जीवाड़ा पकड़ में आता है।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ाः सात ट्रैक्टर जप्त, एक बस भी खड़ी करवाई

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत इन दिनो विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा रैली तथा वाहनों की विशेष चेकिंग का अभियान विभिन्न विभागों के सहयोग से मंदसौर में किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 01 से 15 सितंबर तक चल रहा है। अभियान के तहत जिला खनिज कार्यालय, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय मंदसौर तथा थाना यातायात द्वारा संयुक्त रूप से 11 तथा 12 सितंबर को विशेष वाहन चेकिंग अभियान में 7 ट्रैक्टर अवैध खनिज (रेत/मोरम) जब्त की गई। इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्र में 1 ट्रैक्टर थाना सुवासरा, 2 ट्रैक्टर मोरम थाना सीतामऊ, दो ट्रैक्टर रेत थाना सीतामऊ, दो ट्रैक्टर रेत थाना यशोधर्मन नगर पर अग्रिम कार्रवाई हेतु खड़े करवाए गए। इसके अतिरिक्त एक बस कराधान के उल्लंघन में जब्त की गई।

### चेसिस, इंजन का फिजिकल वेरिफिकेशन नहीं...

जब आरटीओ अमला या पुलिस बस को चेकिंग के लिए रोकते हैं, तो वह दस्तावेज ही चेक करते हैं। नंबर प्लेट देखकर दस्तावेज चेक होते हैं। चेसिस, इंजन का फिजिकल वेरिफिकेशन नहीं करते। यानि अमला दस्तावेजों में तो चेसिस नंबर, इंजन नंबर देख लेता है, लेकिन गाड़ी में वही चेसिस और इंजन लगे हैं, इसकी जांच नहीं होती। इसी का फायदा बस ऑपरेटर उठाते हैं।

# वाह रे कृषि उपज मंडी प्रबंधन..!

## सांसद ने बैठक ली तो हुआ प्रकरण दर्ज, 11 दिन बाद उजागर हुई 90 हजार की लहसून चोरी

### प्रशासकों के भरोसे वाली कृषि उपज मंडी का ढर्रा बिगड़ा

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी समितियो में सात साल से चुनाव का इंतजार है। अध्यक्षविहीन मंडी में प्रशासनिक अधिकारी मंडी का कामकाज देख रहे हैं। यहीं कारण है कि कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाएं चरमरा सी गई है। जिसका प्रमाण आए दिन किसानों और व्यापारियों का प्रदर्शन है। बात करें सुरक्षा व्यवस्था की तो चोरी के कई मामले यहां सामने आ चुके हैं। स्थिति यह है कि अभी तक चोरी के मामले सामने आ रहे थे। लेकिन, अब इनमें प्रकरण ही दर्ज नहीं हो रहे। अध्यक्ष के होने पर तुरंत सुनवाई होकर मामले में हाथों हाथ ही प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाते थे। लेकिन, 44 कट्टे उपज चोरी के बाद भी प्रकरण दर्ज नहीं किया जा रहा। कहीं न कहीं मंडी प्रबंधन का भी सहयोग नही मिल रहा है। यहीं कारण है कि बाहर से आए किसान अब अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है 90 हजार की चोरी में 11 दिन बाद प्रकरण दर्ज होना। सांसद सुधीर गुप्ता के द्वारा ली गई बैठक के पश्चात ग्यारह दिन बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया। तब कहीं जाकर केस दर्ज हुआ। जबकि होना यह चाहिए था कि राजस्थान से आए किसान की लहसून चोरी होने के बाद मंडी प्रबंधन को तुरंत मामले में सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर पुलिस कार्रवाई करवाना थी।

वायडी नगर पुलिस ने बताया कि 29 और 30 अगस्त की रात में लक्ष्मीलाल पिता रामचंद्र धाकड़ निवासी स्वरुपगंज तहसील छोटी सादड़ी जिला प्रतापगढ़ के 44 कट्टे लहसून अज्ञात लोग चोरी कर ले गए। किसान का लोडिंग वाहन मंडी की लाईन में दूसरे दिन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वाहन से कट्टे चोरी हो गए। इसके बाद किसान ने मामले में मंडी प्रबंधन के साथ पुलिस को भी जानकारी दी। 11 दिन से मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि, चोरी की गई लहसून चोरों ने ठिकाने भी लगा दी होगी। इधर सांसद सुधीर गुप्ता ने बुधवार को मंडी में बैठक लेकर चोरियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यहां हो रही चोरियां गंभीर विषय है। इन्हें रोकने के लिए सख्त प्लान तैयार करे। बैठक में चोरियों के मुद्दे पर सांसद कड़क नजर आए। यही कारण रहा कि अधिकारी भी हरकत में आए। मामले में बैठक के कुछ देर बाद ही प्रकरण दर्ज हो गया।

### अध्यक्ष नहीं, किसे सुनाए समस्या...

बारिश में उपज भिगने से लेकर नीलामी में होने वाली समस्याओं को लेकर कई बार किसान आंदोलन कर चुके हैं। हंगामे के बाद प्रशासक मंडी पहुंचकर आश्वासन देते हैं और अपने मूल पद पर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने लगते हैं। किसानों को बात पहुंचाने के लिए हंगामे का ही सहारा लेना पड़ता है। बता दे कि 2012 में अंतिम बार मंडी चुनाव हुए थे। वर्ष 2017 में वापिस चुनाव होना थे। उस दौरान मंदसौर समेत कई राज्यों में किसान आंदोलन के चलते सरकार ने चुनाव नहीं कराया। 2018 में कमलनाथ सरकार आई तब भी 2020 तक चुनाव नहीं हुए। 2020 से अब तक चुनाव टलते आ रहे हैं। इस दौरान प्रशासक के हाथों में ही मंडी की कमान है।

### दूसरे काम में लगे सिक्योरिटी गार्ड...

बात करें वर्तमान में मंडी की, तो यहां सचिव सहित एक निरीक्षक, एक लेखापाल, 13 उपनिरीक्षक, सहायक ग्रेड तीन में पांच व सहायक ग्रेड दो में तीन कर्मचारी पदस्थ है। इसके अलावा एक इलेक्ट्रीशियन व एक स्वीपर सहित ग्यारह चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी कार्यरत है। मतलब जहां इन सबको मिलाकर पदों के मान से संख्या होना चाहिए 78, वहीं सिर्फ लगभग आधे ही काम कर रहे हैं। यही कारण है कि तीन शिफ्ट में काम कर रहे 90 सुरक्षाकर्मी अन्य स्टॉफ की कमी के चलते अपने काम के साथ साथ पेयजल, नीलामी सहित अन्य काम तक देख रहे हैं। जिससे अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कामयाब नहीं हो पा रहे।



## मकान की दीवार ढही, दंपती घायल

**मल्हारगढ़, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम मनासा खुर्द में 11 सितंबर की रात्रि 12 बजे एक मकान की दीवार ढह गई। जिससे घर में सो रहे धन्नालाल व उनकी पत्नी सुनीता मलबे में दब गए। जिन्हें मुश्किल से बाहर निकालकर एंबुलेंस से नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना में सुनीता की 4 जगह से हड्डी टूट गई है। डॉक्टर द्वारा 6 माह का बेड रेस्ट दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा मौजा पटवारी को तत्काल दूरभाष पर सूचना दे दी गई थी। घटनास्थल पर पहुंचकर मौके पर स्थिति देखी गई। अब पीडित परिवार के पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है। परिवार दूसरे के घर में रुका हुआ है।

### मांगों के निराकरण को लेकर चक्काजाम के मामले में...

## पार्षद प्रतिनिधि सहित नौ पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मांगों को लेकर चक्काजाम करने के मामले में पार्षद पति सहित 9 लोगों के खिलाफ पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के पीछे कॉलोनी में निवासरत करीब 50 परिवारों ने बिजली, पानी व सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं के नही मिलने के विरोध में प्रदर्शन कर टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के निकट सड़क पर जाम लगाया था। जिससे आवागमन करीब एक घंटे तक बाधित रहा था, हालांकि तहसीलदार के आश्वासन के बाद जाम खोल दिया था। बुधवार को ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन ने पिपलिया मंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बिना प्रशासन को सूचना दिए मनासा मार्ग को जाम कर दिया। निकाय.... शेष पेज 4 पर

# लूट की योजना बनाते पकड़ाए बदमाशों से मिली चोरी की छह बाईक

## शहर पुलिस ने पकड़े दो चोर, 09 बाईक बरामद



**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय की दो थाना पुलिस ने चोरी की 15 बाईक बरामद की है। वायडी नगर द्वारा लूट की योजना बनाते पकड़े गए बदमाशो से छह तो शहर कोतवाली पुलिस ने दो बदमाशो की निशांदेही नौ बाईक बरामद की है। यह सभी बाईक मंदसौर के आसपास के साथ ही इंदौर-उज्जैन संभाग के शहरो से चोरी की गई थी। शहर पुलिस को एक बदमाश की तलाश है।

### एक फरार बदमाश को तलाश रही पुलिस

बता दें कि वायडी नगर थाना पुलिस ने एक दिन पहले रेवास देवड़ा रोड़ बुगलिया पुल के नीचे से कमल पिता भरतलाल जाति बावरी उम्र 20 साल निवासी अवलेश्वर थाना हतुनिया जिला प्रतापगढ, प्रहलाद पिता जगदीश बावरी उम्र 21 साल निवासी बांसखेडी थाना नारायणगढ मन्दसौर, अर्जुन पिता भेरूलाल जाति बावरी उम्र 19 साल निवासी कनघट्टी थाना पिपलिया मण्डी और प्रहलाद पिता तुलसीराम जाति बावरी उम्र 18 साल निवासी रेवास देवड़ा को पकड़ा था। आरोपियों के पास से चाकू और मिर्ची पाउडर सहित अन्य संसाधन जब्त किए थे। यह आरोपी डकैती की योजना बना रहे थे। इनसे पूछताछ में इनकी निशांदेही पर चोरी के 06 वाहन जब्त किए गए है।


### शहर पुलिस ने बरामद की 09 बाईक...

शहर कोतवाली पुलिस ने मुखबीर सूचना कार्यवाही करते हुये सुनिल पिता भेरुलाल मालवीय उम्र 32 साल निवासी ढिकनिया थाना सीतामऊ जिला मंदसौर एवं जितेन्द्र उर्फ जीतु पिता रामलाल देवडा उम्र 28 साल जाति बलाई निवासी ग्राम ढिकनिया थाना सीतामऊ को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। दोनो की निशांदेही पर चोरी की 09 बाईक बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियो ने पूछताछ में बताया गया कि उन्होंने यह बाईक मंदसौर के विभिन्न स्थानो तथा जिला इंदोर, जिला उज्जैन, जिला आगर मालवा, जिला रतलाम के जावरा शहर, आलोट एवं अन्य क्षेत्रो से चोरी किये है। कुल 3 वाहन मदसौर जिले से संबधित है। शेष सभी अन्य स्थानो से चोरी किए गए थे। मामले में आरोपियो से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। प्रकरण वर्तमान में अनुसंधान में होकर अन्य आरोपियो के गिरफ्तार होने पर अन्य चोरी के वाहन बरामद होने की संभावना है। मामले में एक फरार आरोपी को पुलिस तलाश रही है।

# मसाले के साथ हमें जहर बेचा जा रहा है, सरकारी एजेंसियां कर रही नजर अंदाज...

**मंदसौर/उज्जैन, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत दुनिया भर मे मसालो का सबसे बड़ा निर्यातक बना हुआ था। यहां के मसालो को आदिकाल से उसकी खुशबू, स्वाद और गुण के कारण पसंद किया जाता रहा है। आज जब आवागमन के संसाधन आसन होते गए, वैसे -वैसे अनेक मसाला कंपनियों का माल विदेश में भेजा जाने लगा। एक आंकड़े के अनुसार दुनिया के 180 देश में भारतीय मसाले को अच्छा खासा बाजार मिला हुआ था। इस बीच हांगकांग, सिंगापुर ने इन भारतीय मसालो को मनुष्यों के लिए अमानक बताते हुए खारिज किया तो दुनिया भर के भारतीय मसाले आयात करने वाले देशों ने भी चेतावनी देते हुए भारतीय मसाले को प्रतिबंधित करना शुरू कर दिया।

देश के सबसे पहले एमडीएच और एवरेस्ट मसाले को सिंगापुर और हांगकांग जैसे देशों ने अमानक घोषित कर अपने बाजारों से वापस उठाने का निर्देश जारी किया। यह बात जब वैश्विक बाजार जगत में फैली तो बाकी देशों अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूके यहां तक की नेपाल और भूटान ने भी अपने देश में आने वाले भारतीय मसाले की जांच के बाद अनुमति देने की प्रक्रिया अपना ली। इधर भारत सरकार का पहला कथन रहा कि विदेशी सरकारे हमें मानक बताएं, कि वे किस मानक स्तर के मसाले चाहते हैं। अभी तक हमारे पास कोई तय मानक नहीं है। इसी के साथ यह भी कहा गया कि जो भी मसाले विदेश में भेजे जाते हैं, उनकी पहले देश में जांच कराई जाकर भेजेंगे। यहां प्रश्न उठता है कि जितने मसाले भारत में बिकेंगे उनकी जांच नहीं की जाएगी? जैसे मानक के साथ बिक रहा है, बिकता रहेगा!


चन्द्रमोहन भगत

इस पूरे प्रसंग में गिरजेश वशिष्ठ ने अच्छा खासा रिसर्च किया है। उनके अनुसार विदेशी ख्यात मीडिया राइटर ने सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी प्राप्त की थी। उसके मुताबिक 4054 विदेश जाने वाले मसाले के सैंपल चेक किए गए थे। उसमें से 474 फैल यानी अमानक पाए गए थे। जिसमें हानिकारक मिलावट थी। इसके साथ ही एमडीएच का बयान आया कि हमारे मसाले उपयोग लायक सुरक्षित है। पर, जो रिपोर्ट आई है उसमें बताया गया है कि इन मसाले में एथीलीन ऑक्साइड पाया गया है। इसे कार्षियोजेनिक माना गया है। जिसे अनेक तरह के कैंसर का कारक माना जाता है जैसे सांस, अस्थमा, सर दर्द, उल्टी की शिकायत, याददाश्त का कमजोर होना। यूरोलॉजी की समस्या के साथ प्रजनन क्षमता को भी कम करता है। इन सबसे ज्यादा यह मनुष्य के एनडीए को भी नुकसान पहुंचता है।

यह सर्वविदित है कि भारतीय मसाले को घर में लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए घर की महिला समय-समय पर सुरक्षित उपाय करती रहती है। ताकि यह खराब ना हो, इसमें फफूंद ना लगे और उनकी खुशबू और स्वाद और गुणवत्ता बनी रहे। इधर मसाला निर्माता के गोदाम में तो बल्क में यानी क्विंटलो में पिसे हुए और खड़े मसाले संग्रहित रहते हैं। इन्हें फफूंद और कीटों से बचाने के लिए एथलीन ऑक्साइड को गैस बनाकर इसमें छोड़ा जाता है, जो मसाले के भीतर तक आसानी से समा जाती है। मसालों के भीतर और बाहर इस तरह का खतरनाक गैस का आवरण लंबे समय बना रहने से मसाले भी अमानक होकर खाने लायक नहीं रह जाते हैं।

सरकार यह बताने को भी तैयार नहीं है कि किस ब्रांड के मसाले चेक किए गए। इससे ज्यादा खतरनाक बात यह है कि अभी भी भारत में बिकने वाले मसाले को तो जांचा भी नहीं जाएगा, भले ही मिलावटी, जानलेवा मसाला हो! शायद यही कारण है कि भारत में शुगर और सांस और दिल के मरीजों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बीते 26 सालों में भारत में दिल के मरीजों की संख्या 34 प्रतिशत अधिक हुई है। जबकि, अमेरिका में 41 प्रतिशत कम हो गई है। इन आंकड़ों पर भी सरकार संज्ञान नही ले रही है। जबकि, बाहरी देशों की सरकारें अपने नागरिकों की सेहत और पौष्टिक आहार के लिए तत्काल ही संज्ञान लेकर अमानक खाद्य पदार्थों को अपने देश से बाहर कर देते हैं।

# केंद्रीय गणेशोत्सव समिति के तत्वाधान में 17 को निकलेगा अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणपति विर्सजन चल समारोह



**रात भर निकलेगा आकर्षक झांकियों का कारवां, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ बैठक संपन्न, मार्ग का भी किया अवलोकन**



**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय गणेशोत्सव समिति मन्दसौर के तत्वाधान में अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणपति विसर्जन का 60 वा भव्य चल समारोह एवं आकर्षक एवं नयनाभिराम झांकियां 17 सितंबर मंगलवार को रात्रि 8:30 बजे मंदसौर नगर में निकलेगी। जनकुपुरा गणपति चौक स्थित श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपतिजी की पूजा अर्चना एवं आरती के बाद नगर में गणपति विसर्जन एवं झांकियो का चल समारोह आरंभ होगा। भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना परंपरागत रूप से जिला कलेक्टर अदिति गर्ग एवं जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द करेंगे। अनंत चतुर्दशी पर रात्रि में 21 झांकियां और आठ अखाड़े निकलेंगे। 15 झांकियां की स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी है। शेष झांकी निकालने वालों से समिति के पदाधिकारी की चर्चाएं चल रही है। इस बार झांकियो में मंदसौर जिले वासियों को कुछ नया नवाचार देखने को मिले ऐसे प्रयास भी चल रहे हैं।

यह जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम पर गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनन्द ,अपर जिला कलेक्टर एकता जायसवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सिंह सोलंकी द्वारा आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने दी । बैठक में अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य, तहसीलदार रमेशचन्द्र मसारे, नगर पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह, मंदसौर शहर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर, सहित लोक निर्माण विभाग ,नगर पालिका, विद्युत मंडल ,सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने कहा कि गणपति विसर्जन के दौरान निर्धारित स्थल पर ही प्रतिमा का विसर्जन करें और जहां जल भराव के क्षेत्र है वहां पर कोई भी मूर्ति विसर्जन नहीं करें। अनंत चतुर्दशी पर्व पर पुलिस की पूरी व्यवस्था रहेगी झांकी संचालक समिति के कार्यकर्ताओं के नाम भी देवे ताकि व्यवस्था सुनिश्चित हो सके नगर पालिका चल समारोह मार्ग पर गड्ढे बंद करें। गौ माता सडकों पर विचरण नहीं करें। विद्युत विभाग लाइट व्यवस्था सुनिश्चित करें। ऐसे निर्देश बैठक में दिए गए। जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने नगर पालिका लोक निर्माण विभाग विद्युत मंडल एवं समिति के पदाधिकारी सदस्यों के साथ मार्ग का अवलोकन भी किया।

अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, परामर्शदाता राधेश्याम शर्मा पार्टनर, संयोजक प्रदीप भाटी ने बताया कि मुंबई और इंदौर के बाद यदि गणपति उत्सव के भव्य आयोजन यदि कही होते हैं तो वह मन्दसौर शहर है। 10 दिवसीय गणेश उत्सव के तहत मंदसौर में भी बड़े-बड़े पंडाल सजाए गए हैं जहां रात्रि में विशेष आरती होती है और अनंत चतुर्दशी पर्व पर गणपति विसर्जन एवं आकर्षक नयनाभिराम झांकियो का चल समारोह निकलता है। विद्युत की चकाचौंध से युक्त चल समारोह को देखने के लिए मंदसौर जिले से ही नहीं अपितु राजस्थान एवं मालवांचल के अनेक क्षेत्र के नागरिक भगवान पशुपतिनाथ की नगरी आते हैं और रात भर चल समारोह का आनंद लेते हैं। मंदसौर शहर की सामाजिक धार्मिक संस्थाओं द्वारा भी चल समारोह मार्ग पर अनेक प्रकार के स्वल्पाहार के स्टॉल निशुल्क रूप से लगाए जाते हैं। जहां पर रात भर नागरिक लाभ लेते हैं इस बार चल समारोह को भव्यता प्रदान करने हेतु समिति द्वारा विशेष तैयारी भी की जा रही है। यह पहला अवसर होगा कि मंदसौर शहर में अनंत चतुर्दशी पर्व में निशुल्क रूप से सेवा कार्य में लगी सभी संस्थाओं को भी केंद्रीय गणेश उत्सव समिति द्वारा एक समारोह आयोजित कर सम्मान किया जाएगा। केंद्रीय गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर्व पर रात्रि में श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर गणपति चौक, श्री राधेश्याम शर्मा एंड पार्टनर ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सकल वाल्मीकि समाज नगरपालिका, श्री राम गणेश उत्सव समिति रामटेकरी, संयुक्त माली समाज, देहली गेट गणेश उत्सव समिति, सीताराम ग्रुप कुमावत समाज नरसिंहपुरा , श्री कृष्ण गणेश उत्सव समिति नयापुरा, श्री युवा एकता क्लब धनगर मोहल्ला, गणेश नवयुवक मंडल मुल्तानपुरा, श्री विश्व पति शिवालय गांधी चौराहा, त्रिनेत्र ग्रुप की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके अलावा श्री गोपाल कृष्ण गौशाला , श्री जांगडा पोरवाल समाज , दशपुर मंडी व्यापारी, हम्माल तुलावती संघ , खानपुरा युवा मित्र मंडल , सहित अन्य से चर्चा चल रही है। पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित बैठक में पार्षद सभापति रमेश ग्वाला, कैलाश पुरोहित, गोपाल मंडोवरा ,उमेश पारीक, कपिल मावर, विश्व मोहन अग्रवाल, अनिरुद्ध शर्मा, लखन डागर ,कुशाग्र परमार, विजय परमार, राकेश बैरागी, प्रकाश ग्वाला, योगेश कुमावत, निलेश कुमावत ,हेमंत सुरा, श्री ओंकार लाल शर्मा, विष्णु मक्वाना, अजय भाटी ,नरेश परमार, हेमंत सुरा, कुंदन चौहान सहित बडी संख्या में समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।।

## सड़क सुरक्षा अधिनियम के बारे में जागरुक करने हेतु जिला स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विद्यार्थियों को सडक यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए तथा उन्हें सडक सुरक्षा अधिनियम के बारे में जागरूक करने के लिए जिला स्तरीय क्विज का आयोजन ई.एफ.ए गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल बालागंज में किया गया । आयोजन के नोडल अधिकारी सुदीप दास ,प्राचार्य ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन में मंदसौर जिले के मंदसौर, मल्हारगढ़ तथा सीतामऊविकासखंड की टीम ने भाग लिया ।क्विज का आयोजन ऑडियो विजुअल मल्टीमीडिया प्रेजेंटेशन के स्वरूप में किया गया जिसमे विभिन्न राउंड में प्रश्न पूछे गए। फाइनल टाई हो गया जिसमे मल्हारगढ़ टीम विजेता रही।

जिला स्तरीय सडक सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका, बालागंज स्कूल, द्वितीय इरफाना, बालागंज स्कूल, तृतीय, हायर सेकंडरी डिगांव, स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम सोनाली, नूतन हाई स्कूल, द्वितीय चेतना, कन्या बालागंज, तृतीय रूक्मण, हायर सेकेंडरी धुंधडका, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या ग्वाला, हाई स्कूल नूतन, द्वितीय रिया, नूतन हाई स्कूल, तृतीय नव्या सेन, पीएम श्री बूढ़ा ने प्राप्त किया। जिला स्तरीय सडक सुरक्षा पखवाडा की प्रतियोगिताओं के आयोजन के इस अवसर पर कार्यक्रम मे अतिथि लोकेंद्र डाभी, जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर, मनोहर सोलंकी, टीआई यातायात, श्री विकास अग्रवाल लायन सदस्य, अनिल संगवानी वरिष्ठपत्रकार सम्मिलित हुए। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण तथा ई .एफ. ए स्कूल के विद्यार्थियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की गई । प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रचलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अतिथिगण का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथिगण द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह वाहन चलाते समय तथा पैदल चलते समय सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। बिना पंजीयन का वाहन नहीं चलाएं, वाहन का बीमा करवाएं, फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करें, पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट अपडेट करते रहें, ओवरस्पीडिंग न करें। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मल्हारगढ विकासखंड की टीम सलोनी, दिव्या, जीविका रही तथा द्वितीय स्थान पर मंदसौर गौरव, प्रवीण, संध्या रही तथा तृतीय स्थान पर सीतामऊविकासखंड की टीम साक्षी, नरेन्द्र रही।

विजेता टीम को लायंस क्लब सदस्य श्री विकास अग्रवाल के द्वारा क्रमश: ?500 ?300 तथा ?200 का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। क्विज का संचालन अशोक कुमार रत्नावत प्राचार्य हाई स्कूल ढिकोला, संगीता भदानिया विज्ञान शिक्षक, श्रीमती रश्मि भावसार विज्ञान शिक्षक, श्रीमती अश्विनी परमार एवं स्टाफ के सदस्यों ने मिलकर किया। कार्यक्रम का संचालन सतोष द्विवेदी ने किया तथा आभार भानालाल कछावा उच्च माध्यमिक शिक्षक ने माना।

## आईटीआई डुंगलावदा में पीएमएनएएम मेला 20 को

**नीमच, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नीमच (डुंगलावदा) में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले (पी.एम.एन.ए.एम.) का आयोजन 20 सितम्बर 2024 को प्रात: 09.00 बजे से किया जा रहा है। इस मेले में अडानी विलमार लिमिटेड, धानुका ग्रुप ऑफ इण्ड्रीज एवं आर एण्डप डी इलेक्ट्रीकल्स एण्ड पॉवर जैसी कंपनियां भाग ले रही है आवेदक जिनकी, शैक्षणिक योग्यता:- 10वी, 12वी एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते हैं। आयु:-18 से 23 होना चाहिए, मेले में भाग लेने के इच्छुक उक्त स्थान पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सी.वी/रीज्यूम की 5 प्रति, सहित 20 सितम्बर 2024 को प्रात: 9.00 बजे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों का कराए निराकरण

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री भारत चंदेल लेखाधिकारी बीएसएनएल मंदसौर द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा सभी तहसील एवं जिला न्यायालयों में 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है श्र जिसमें आपसी समझोते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा श्र भारत संचार निगम लिमिटेड, मंदसौर ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 577 प्रकरणों को मंदसौर, नारायणगढ़ एवं गरोठ न्यायालयों में प्रस्तुत किया है। नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रिलिटिगेशन प्रकरणों के लिए मंदसौर, नारायणगढ़ एवं गरोठ के न्यायालयों में सम्बंधित खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकण किया जावेगा श्र भारत संचार निगम लिमिटेड ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है श्र उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निराकरण के लिए बी.एस.एन.एल. के कार्यालय में भी 14 सितंबर के पूर्व भी सम्पर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है श्र दूरभाष/मोबाइल/ एफ.टी.टी.एच. के लंबित राशि के प्रकरणों से सम्बंधित उपभोक्ता से बी.एस.एन.एल. आपसी समझोते से 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी।

## श्री खाटू श्याम भव्य पैदल यात्रा कल निकलेगी




**नारायणगढ़, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विगत एक वर्ष से पाक्षिक पक्ष की एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्याम पैदल यात्रा संघ, नारायणगढ द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर, श्याम की हवेली, स्टेशन रोड, मल्हारगढ तक पैदल यात्रा निकाली की जा रही है।

पैदल यात्रा की इस कड़ी में आगामी 14 सितंबर 2024, शनिवार, डोल ग्यारस (जल झुलनी एकादशी) को 14 वीं पैदल यात्रा श्री खाटू श्याम मंदिर मल्हारगढ के मुख्य उपासक (पुजारी) परम पूज्य पंडित श्री आशीष जी शर्मा के सानिध्य में नारायणगढ स्थित मुक्तिधाम परिसर में विराजित श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर से श्री खाटूश्याम मंदिर, मल्हारगढ तक प्रात: 4.45 बजे नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली जाएगी। इस ऐतिहासिक यात्रा में निशान के साथ बाबा श्याम का दरबार, 56 भोग का आयोजन, डीजे और ढोल के साथ करीब 1500 पुरुष, महिला श्यामप्रेमी उपस्थित रहेंगे। पूर्व की सभी यात्रा विभिन्न मंदिरों के माध्यम से निकली गई, जिसमें श्री चारभुजा मंदिर, श्री देवनारायण मंदिर, श्री मुरली मनोहर मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर, श्री भोनेश्वर महादेव मंदिर, श्री मंडी बालाजी, श्री विश्वकर्मा मंदिर, श्री चौमुखेश्वर महादेव मंदिर, श्री सिद्धेश्वर महादेव आदि शामिल है। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर इस पैदल यात्रा में छप्पन भोग का आयोजन नगर के समस्त श्याम प्रेमीयों द्वारा किया जा रहा है। श्री श्याम दरबार के लाभार्थी श्री वर्दीचंद अहीर एवं मार्ग स्वल्पाहार के लाभार्थी श्री बालाजी टाइल्स, पिपलियामंडी एवं यश प्रॉपर्टी बोकर्स, नारायणगढ और यात्रा के सूत्रधार दक परिवार नारायणगढ है। इस पैदल यात्रा में अधिक से अधिक यात्रियों को शामिल होने के लिए श्री देवमंडल सुंदरकांड समिति, श्री खाटू श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम मित्र मंडल, श्री खाटू श्याम पैदल यात्रा संघ सहित नगर के समस्त श्याम प्रेमियों ने अपील की है।

## हिंदी दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के साहित्यिक और सामाजिक संगठन प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिन्दी दिवस पर राष्ट्र भाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता के संदेश के साथ हिन्दी जागरूकता रैली का आयोजन करते है। जिसका उद्देश्य हिन्दी को लेकर प्रतिबद्धता को दोहराना है। मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के तत्वावधान में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जनपरिषद,अखिल विश्व गायत्री परिवार के सहयोग आयोजन को दिनांक 14 सितंबर को यह रैली बीपीएल चौराहे से प्रात: 10 बजे प्रारंभ होगी जो भारत माता चौराहे पर सम्पन्न होगी।रैली के संयोजक गायत्री प्रसाद शर्मा,सत्येंद्र सिंह सोम,नरेन्द्र भावसार और नरेंद्र त्रिवेदी ने नगर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से रैली में उत्साह से भाग लेने की अपील की है। मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य ब्रजेश जोशी ,जन परिषद के डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा कि हिन्दी की प्रगति देश की प्रगति है। और 14 सितंबर इसका प्रतीक है। यह जानकारी देते हुए मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के अध्यक्ष वेद मिश्र और सचिव जयेश नागर ने भी नगर के हिंदी प्रेमी महानुभावों से रेली में सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

## सदस्यता अभियान अंतर्गत गुप्ता, गुर्जर, चावला, अटोलिया, डंग, सिसोदिया सहित पदाधिकारी पहुंचे बूथों पर



**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह एंव सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी एंव विधायक भगवानदास सबनानी के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में सदस्यता अभियान जिले के साथ मंडलों के समस्त बूथों पर निरंतर जारी है। महा सदस्यता अभियान के इस क्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विधायक हरदीप सिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक कैलाश चावला, यशपाल सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला महामंत्री गण विजय अठवाल, गणपत सिंह आंजना, राजेश दीक्षित सहित भाजपा के जनप्रतिनिधि गण एंव पदाधिकारीगण जिले के 18 संगठनात्मक मंडलो के 165 शक्ति केन्द्रो पर पंहुचे और लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर वरिष्ठनेताओं ने कहा की आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बडी राजनीतिक पार्टी बन चुकि है जिनके पास 18 करोड़ से अधिक सदस्य पूर्व से हे। वर्तमान में चल रहे सदस्यता अभियान में पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाने में लगा हुआ है। हमें पूर्ण विश्वास है की हम पूर्व में रजीस्टर्ड 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण करवाकर लगभग 10 करोड़ से अधिक नवीन सदस्य बनाने में सफलता प्राप्त करेगें।

## जिला व ब्लाक स्तर पर राहत दलों का गठन

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि वर्षा ऋतु में फैलने वाले संक्रामक बीमारियों की रोकधाम के लिये जिला एवं ब्लाक स्तर पर राहत दलों का गठन किया गया है। पशुओं में बीमारी फैलने की स्थिती में जिला स्तर पर स्थित कंट्रोल रूम के दूरभाष नं. 07422-241294 पर सम्पर्क करें। जिला स्तर पर राहत दल में नोडल अधिकारी डॉ. पंकज जैन, लिंक अधिकारी डॉ. आर. एस. गुर्जर, टीम सदस्य तृतीय श्रेणी में श्री रईस खान, श्री ए.डी बैरागी, श्री मैसुल डामोर, टीम सदस्य चतुर्थ श्रेणी में श्री नंदु कल्याणे, श्री राधेश्याम चौहान एवं श्री श्यामलाल राहत दल में है।

**ब्लाक स्तर पर राहत दल**–ब्लाक स्तर पर राहत दल में मंदसौर विकासखंड में डॉ. आर. एस. गुर्जर मो.नं. 9425559698, मल्हारगढ़ विकासखंड में डॉ. एएच नवाब मो.नं. 9329635801, सीतामऊविकासखंड में डॉ. एच. डी. कुमावत मो. नं. 9425369477, गरोठ विकासखंड में डॉ. रविकांत खरे मो.नं. 8770066795 एवं भानपुरा विकासखंड में डॉ. बी. डी. जैन मो.नं. 7509486206 राहत दल में शामिल है।

दिनांक 13 सितम्बर 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे–**
**ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**



✻ जन्मकुंडली मे लग्न में बलवान बृहस्पति अनेको दोषों को स्वत: ही समाप्त कर देता है, यह जातक को बहुत ही विद्वान,बुद्धिमान और धन सम्पन्न बनता है तथा सभी प्रकार की सुख सुविधाओं से परिपूर्ण करता है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## रिद्धि सिद्धि महिला मंडल द्वारा गणेशोत्सव पर प्रतियोगिताएं सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** रिद्धि सिद्धि महिला मंडल के तत्वावधान में सब्जी मंडी स्थित गणेश मंदिर पर एक दिनी गणेशोत्सव पर गुरुवार को विभिन्न प्रतियोगिता सम्पन्न हुए। जिसमें हाऊजी गणेशजी स्पेशल, गणेशजी रिद्धि सिद्धि बनाओ प्रतियोगिता, रिद्धि सिद्धि डांस प्रतियोगिता, मोदक बनाओ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया। वहीं कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं व बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए। इस अवसर पर मंडल की प्रीति अग्रवाल, मधु अग्रवाल, ममता शर्मा, चंदा गुप्ता, निकिता अग्रवाल, ललिता काला, टमा सेठिया, आशा घाटिया, शशिबाला कौशिक, मनीषा उदिया, सविता सोनी, कृष्णा भूत, अनिता धनोतिया, रीना गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, वंदना पाटीदार, प्रतिभा राठौर, संगीता शम्र्, सुशीला अग्रवाल, नीतू पोरवाल, रेखा अग्रवाल, दीपिका पोरवाल, शांति भूत, कृष्णा गोयल, नीलम पोरवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत कल लगेगी

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, राजस्व समिति सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14.09.2024 शनिवार को किया जा रहा है, जिसमें सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर आदि की अधिभार राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। सम्पत्तिकर, समेकित, आदि की राशि ऑनलाइन जमा करने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है, जो करदाता बकाया टैक्स की अधिभार राशि (पेनल्टी) में छूट प्राप्त करना चाहते है वह नगरपालिका में दिनांक 14.09.2024 के पूर्व ही उपस्थित होकर अपनी आई.डी. बनवा लेवे ताकि लोक अदालत के दिन उन्हें टैक्स जमा कराने में असुविधा न हो। जिन करदाताओं द्वारा पूर्व में राष्ट्रीय लोक अदालत में छूट का लाभ ले लिया है वह छूट का लाभ नहीं ले सकेंगे।

## राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत आयोजन सम्पन्न



**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया कराड़िया आंगनवाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं म.प्र.जनअभियान परिषद, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नवांकुर प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था की संचालक श्रीमति उषा सोंलकी द्वारा बालिकाओं को एनीमिया एवं माहवारी स्वच्छता के बारे में बताया गया। आयुष विभाग के भगवति प्रसाद कुशवाह द्वारा पोष का महत्व बताते हुए अच्छे खानपान और नियमित रूप् से व्यायाम करने की विधि बताई गई। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाकर पोषण जागरूकता हेतु संदेश दिया गया। विविध व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम मे उपस्थित कृष्णा बैरागी पुर्णिमा जाट, मंगला सोंनी आंगनवाड़ी कार्यक्रता, हुस्नबानों एएनएम, सराज वसिठा, नागुलाल तेनीवार, मुख्य रूप से उपस्थि थे। प्रियदर्शन संस्था अध्यक्ष दिनेश सोलंकी ने अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### आरोग्यता अनुमोदना



वरिष्ठजन जो हुए
70 वर्ष के पार
मिल गया उनको
आयुष्मान उपहार।
हो गए जो बीमार
तो मुफ्त उपचार
नहीं कोई बंधन
सभी का अभिनंदन।
आयुष्मान भारत की
प्रधानमंत्री जनयोजना
7 लाख तक की मुफ्त
आरोग्यता अनुमोदना।

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

## जिले में अब तक 841.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 841.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 9.1 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 7.0 मि.मी., सीतामऊ में 11.2 मि.मी. सुवासरा में 2.0 मि.मी., गरोठ में 8.8 मि.मी., भानपुरा में 2.4 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 20.0 मि.मी., धुधंड़का में 15.0 मि.मी., शामगढ़ में 22.2 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 5.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 7.2 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 722.0 मि.मी., सीतामऊमें 884.4 मि.मी. सुवासरा में 911.0 मि.मी., गरोठ में 811.3 मि.मी., भानपुरा में 741.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 807.0 मि.मी., धुधंड़का में 864.0 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1309.34 फीट है।

### गोचर, शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु शिवसेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम...

## अनुविभागीय अधिकारी सीतामऊ को दिया ज्ञापन

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे राज्य प्रमुख व श्रीगोपाल कृष्ण गौशाला वृंदावन धाम तितरोद के संस्थापक सुनील शर्मा के नेतृत्व में तितरोद से पैदल चलकर ढोल डीजे हजारों गो भक्तों के साथ भगवा पताका हाथों में लेते हुए गौमाता के जय घोष के नारे लगाते हुए। सीतामऊ तहसील कार्यालय पहुंचक शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे जिला मंदसौर, व श्री गोपाल कृष्ण गौशाला वृंदावन धाम तितरोद द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को पांच सुत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शासकीय, गौचर भूमि से भू माफियाओं का अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए। श्रीगोपाल कृष्ण गौशाला वृंदावन धाम तितरोद का रजिस्ट्रेशन किया जाए, गरोठ तहसील के गांव रलायती की हताई गांव की गौशाला का भी रजिस्ट्रेशन किया जाए। वह गौशाला की जमीन की माधव सेवा समिति के नाम रजिस्ट्री कराई जाए। अन्नदाता किसानों के सोयाबीन का भाव 6000 से ऊपर किया जाए ,प्रदेश में चीन के लहसुन का आयात तत्काल रोका जाए ,इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अगुवाई करने वालो में शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील शर्मा शिवसेना कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़ श्रीगोपाल कृष्ण गौशाला वृंदावन धाम तितरोद के अध्यक्ष अरविंद जी पाटीदार, श्रीगोपाल कृष्ण गौशाला (हांडिया बाग )अध्यक्ष सीतामऊ संजय जी जाट (लाला भाई) अध्यक, युवा सेना जिला प्रमुख विकास सूर्यवंशी महिला गाड़ी सी जिला प्रमुख श्यामा देवी नायक शिवसेना जिला संपर्क प्रमुख केशुराम बैरागी आईटी सेल संभाग अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा, युवा शिवसेना जिला प्रभारी पंडित दीपक जोशी जिला उप प्रमुख दिनेश विश्वकमार्, जिला कमांडो राम सिंह, तूफान सिंह, बबलू सूर्यवंशी, राहुल राव, दीपक, विनोद पाटीदार, खुमान सिंह सहित सैकडो गौ भक्त शिव सैनिक उपस्थित थे, यह जानकारी मिडिया प्रभारी कुलदीप सिंह गौड़ ने दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 35 | 2681 | 2716 |
| उडद | 3 | 4301 | 4551 |
| सोयाबीन | 3800 | 4151 | 4751 |
| गैहु | 2900 | 2500 | 3173 |
| चना | 166 | 6341 | 7020 |
| मसुर | 147 | 5890 | 6198 |
| धनिया | 430 | 5140 | 6977 |
| लहसुन | 11100 | 10000 | 27150 |
| मैथी | 540 | 5176 | 6051 |
| अलसी | 2380 | 5350 | 6100 |
| सरसो | 547 | 5252 | 5932 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 98 | 10200 | 13500 |
| प्याज | 1500 | 1500 | 4050 |
| कलोंजी | 15 | 14700 | 17202 |
| डॉलर | 43 | 8500 | 11792 |
| तिल्ली | 100 | 10600 | 13665 |
| मटरसुखी | 13 | 5101 | 7400 |
| असालीया | 63 | 10300 | 11800 |

## सांप ने डसा, मौत

**शामगढ़, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम बगुनिया निवासी शांतिलाल पिता मोहनलाल माली उम्र 50 साल को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शांतिलाल खेत पर काम कर रहा था। इस दौरान घास के पीछे बैठे सांप ने डस लिया। शांतिलाल को तत्काल शामगढ़ के सरकारी अस्पताल लाए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## दिव्यांग जनों की बैठक रविवार को

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** उमंग दिव्यांग संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश चैधरी एडवोकेट ने दिनांक 15-9-2024 रविवार को दोपहर 12.30 बजे नगर पालिका सभागृह गांधी चैराहा मंदसौर पर जिले के दिव्यांग जनोंध् विकलांगो की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है जिसमें आगामी दिनों में दिव्यांग युवक- युवति परिचय सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में मंदसौर नीमच रतलाम जिले के दिव्यांगजन शामिल होंगे। बैठक में जिले के दिव्यांगजन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनावे।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सौंपा ज्ञापन

**पिपलियामंडी, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पांच लाख उपए तक की नि:शुल्क पत्रकार बीमा योजना लागू किए जाने व आवेदन तिथि 30 सितम्बर तक बढ़ाने, उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए नि:शुल्क बीमा योजना है, उसी प्रकार मप्र में भी इससे लागू करने सहित अनेक मांगों को लेकर गुरुवार को श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अदिति गर्ग को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष प्रीतिपालसिंह राणा, जिलाध्यक्ष प्रकाश बंसल, महासचिव संजय भाटी, विश्वास दुबे, राजू सोनी, पुष्पेन्द्र कीमती आदि उपस्थित थे।

# अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारी-कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाए-मुख्यमंत्री

### सीएम डॉ. यादव ने अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए बुलाई आपात बैठक

**नीमच, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है, कि प्रदेश में 30 सितम्बर तक वर्षा की संभावना है। अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी पर नहीं जाएं। अतिवर्षा के बावजूद भी जनजीवन सामान्य रहे, इसके लिए समय रहते आवश्यक सावधानियां बरतते हुए बचाव के कार्य किए जाएं। लोगों के जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जनहानि के लिए संबंधित अधिकारी को जिम्मेदार माना जाएगा। अतिवर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षा व सुविधा प्रदान करने के लिए राहत शिविर लगाएं और इसमें सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी सहयोग लिया जाए। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान का आँकलन और पशु हानि की जानकारी भी यथाशीघ्र लेना आरंभ किया जाए। राहत राशि के वितरण में विलंब न हो, बाढ़ और अतिवृष्टि से पीड़ितों को राहत के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है। राहत शिविरों में स्वच्छ पेयजल, दवाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में अति वर्षा से निर्मित स्थिति और बचाव के लिए समत्व भवन में ली गई आपात बैठक में उक्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों की स्थिति की समीक्षा की। वी.सी. में समस्त संभागीय आयुक्त, आईजी, कमिश्नर आफ पुलिस, जिला कलेक्टर, एसपी जुड़े। नीमच के एन.आई.सी. कक्ष में इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एस.पी. श्री अंकित जायसवाल, ए.डी.एम. श्रीमती लक्ष्मी गामड़ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**निचली बस्तियों में रहने वालों को समय रहते सतर्क किया जाए–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है, कि वर्षा का चक्र बदलने के कारण सितंबर माह में जितनी वर्षा होनी चाहिए उससे अधिक हो रही है। निचली बस्तियों में रहने वालों को समय रहते सतर्क किया जाए और आवश्यकता अनुसार उन्हें राहत शिविरों में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा, कि जिन रपटों और पुलों पर पानी है, वहाँ तत्काल आवश्यक सावधानी व सतर्कता बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, कि अति वर्षा के प्रभाव से हुई जनहानि और पशु हानि की स्थिति में राहत उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टरों को जनहानि की स्थिति में चार-चार लाख रुपए की सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा कर कलेक्टरों को तत्काल राशि परिजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**बाढ़ में फंसे लोगों को हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था की जाए–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, कि जहां पर भी बाढ़ के पानी में लोग फंसे हैं उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करने की तत्काल व्यवस्था की जाए। पुराने जीर्ण-शीर्ण भवनों को चिन्हित कर सुरक्षात्मक व्यवस्था की जाए और आवश्यकता होने पर निवासियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए। समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना सहित, प्रमुख सचिव, जल संसाधन, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, राजस्व, लोक स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा उपस्थित थे।

**एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में सक्रिय–** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गुना, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, राजगढ़, टीकमगढ़ के कलेक्टर से जिले में अति वर्षा और बाढ़ संबंधी जानकारी प्राप्त की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अवगत कराया गया, कि दतिया जिले के भांडेर के निकट पोहुच नदी में 18 लोग फंसे हैं, डबरा में भी लोगों के पानी में फंसे होने की सूचना है। मुरैना में पेड़ के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मृत्यु और तीन लोगों के घायल होने का समाचार है। बैठक में बताया गया, कि बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने के लिए झांसी, बरेली और गोरखपुर से हेलीकॉप्टरों को रवाना किया जा रहा है। टीकमगढ़ में बचाव व राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ की टीम बुला ली गई है। ग्वालियर चंबल क्षेत्र में एसडीआरएफ की टीम बोट व अन्य बचाव सामग्री के साथ सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, कि प्रदेश में आगामी दिनों में वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए बाढ़ की पूर्व सूचना और प्रचार-प्रसार की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं के पर्याप्त भंडारण के निर्देश दिए।

**अब तक प्रदेश में औसत से 14 प्रतिशत अधिक हुई वर्षा–** बैठक में बताया, कि प्रदेश में 11 सितम्बर तक 991.9 मिली मीटर वर्षा हो चुकी है यह औसत से 14 प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के 12 जिलों राजगढ़, खरगोन, भोपाल, सिवनी, मंडला, भिंड, श्योपुर, छिंदवाड़ा, बड़वानी, शिवपुरी, सिंगरौली, नीमच, अलीराजपुर, ग्वालियर और गुना में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। आगामी 2 दिनों में भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में मानसून सक्रिय रहने का अनुमान है। इसके बाद वर्षा में कमी की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा भिंड, दतिया, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर कला, आगर-मालवा, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी और राजगढ़ में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया गया है। वर्तमान में प्रदेश के 54 में से 31 बांधों के गेट खुले हैं। विभिन्न जिलों में राहत शिविर संचालित हैं।

**भीड़ भरे आयोजनों में इलेक्ट्रिक सेफ्टी सहित सावधानी बनाए रखने के लिए दिए निर्देश–** बैठक में नदियों, बांधों और जलाशयों के जल स्तर पर लगातार नजर रखने, बचाव के लिए आवश्यक सामग्री, राहत शिविरों की उचित व्यवस्था, जिन शालाओं के भवन जीर्ण-शीर्ण हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए बच्चों की पढ़ाई की वैकल्पिक व्यवस्था करने, गणेश पंडालों तथा अन्य सामाजिक, धार्मिक और भीड़ भरे आयोजनों में इलेक्ट्रिक सेफ्टी सुनिश्चित करने, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, पर्याप्त दवाओं की आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। आगामी दिनों में भी वर्षा की संभावना को देखते हुए अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन स्थलों पर प्रकाश, नाव, गोताखोरों, चिकित्सा दल, साफ-सफाई, बचाव दल की व्यवस्था करते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने के लिए भी जिले के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया।



# राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित रहने वाली पार्टी है भाजपा

### सांसद सुधीर गुप्ता ने मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्रामों का दौरा कर दिलाई भाजपा की सदस्यता

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्रामों का दौरा कर युवा, बुर्जुग और महिलाओं को पार्टी की ओर से जारी फोन नंबर 8800002024 पर मिस कॉल कर साथ ही क्यूआर कोड स्कैन करके पार्टी की सदस्यता दिलाई।

गुरूवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम सूठोद, मल्हारगढ़ नगर, बरखेडा देव डूंगरी, चंदवासा, मनासा खुर्द, झारड़ा, हरसोल एवं नारायणगढ़ सहित अन्य ग्रामों का दौरा कर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराते हुए भाजपा की सदस्यता अभियान को गति देने की अपील की। कार्यकर्ताओं से भाजपा सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व गांव के प्रत्येक परिवार से सदस्य बनाने की अपील की। उन्होने कहा कि जन-जन की सेवा को समर्पित मोदी सरकार के साथ कदम से कदम मिलाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहयोग करें। वर्तमान में भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी हुई है जो हमेशा राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित रहती है। उन्होने कहा कि भाजपा के लिए पहले देश है। इन 10 सालों में देश में जो विकास कार्य हुए है उससे हर नागरिक परिचित है। आवास, घरों में शुद्ध जल, शौचालय निर्माण, बिजली, सड़क जैसी अनेक मूलभूत सुविधाओं को लेकर ऐतिहासिक कार्य हुए है। आगे भी विकास का यह क्रम निरंतर जारी है। ऐसे में आप भी उन विकास कार्यो में भागीदार बन सकते है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भाजपा अजा मोर्चा ने जलाया पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला



**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.कैलाश जाटव के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के द्वारा एससी एसटी के आरक्षण के विषय में गलत टिप्पणी करने पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा मंदसौर जिला मुख्यालय पर स्थित गांधी चौराहा मंदसौर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा आरक्षण के विरोध में टिप्पणी अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों को छीन कर दूसरे वर्ग विशेष को दिया जाए ये कथन न्यायोचित नहीं है। इस टिप्पणी से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अनुसूचित जाति वर्ग से माफी मांगे। इस अवसर पर भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष अजय आसेरी, भाजपा अ.जा. मोर्चा जिला उपाध्यक्षगण राम आटेला, महेश जूनवाल, भाजपा अजा मोर्चा जिला मंत्री धर्मेंद्र जटीया, भाजपा अजा मोर्चा उत्तर मंडल अध्यक्ष केसरीमल जटिया, भाजपा अजा मोर्चा दक्षिण मंडल अध्यक्ष पुष्कर अहिरवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजाराम तंवर, पार्षद प्रतिनिधि विनय दुबेला, विक्रम भेरवा, पिछड़ा मोर्चा महामंत्री तेजसिंह चौहान, अशोक सांखला, अशोक तंवर सहित भाजपा अनुसूचित जाति के पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## आओ महाविद्यालय को जानें

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेशजी चंदवानी एवं प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिये श्री कुशाभाऊठाकरे प्रेक्षागृह में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. उषा अग्रवाल ने इंडक्शन प्रोग्राम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को महाविद्यालय की आधारभूत सुख-सुविधाएं (स्मार्ट क्लासेस, प्रयोगशालाएं, ऑडिटोरियम), स्कॉलरशिप के प्रकार, मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों की जानकारी, प्राध्यापकों की उत्कृष्टता योग्यता, अध्यापन विधियां, मूल्यांकन की विधियां, महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम, महाविद्यालय के विशिष्ट व्याख्यान एवं महाविद्यालय की विभिन्न विशेषताओं के बारे में इस प्रोग्राम में बताया। इसका उद्देश्य वे अपने महाविद्यालय को पहचान सके और उस पर गर्व कर सके। कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों को प्रो. रजत जैन, कला संकाय के प्रो. वीणा सिंह एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को प्रो. संतोष कुमार शर्मा द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तृत रूप में समझाया गया।

# इस अभियान से दुर्घटना में कमी आयेगी- कलेक्टर

### रेडक्रास सोसायटी एवं जिला प्रशासन के द्वारा कृषि उपज मंडी में चलाया जनजागरूकता अभियान

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज कृषि उपज मंडी प्रांगण में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला कलेक्टर अदिति गर्ग और रेडक्रास के द्वारा स्थानीय मंडी में जन जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई जिसके तहत ट्रैक्टर और कृषक वाहनों के पीछे रेडियम लगाकर सुरक्षा संदेश दिया जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि मंदसौर रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित यह कार्य अत्यंत सराहनीय है और इससे रात्रि में चलाई जाने वाले ट्रेक्टर ट्रॉली एवं अन्य वाहन से दुर्घटना में संभवत कमी आएगी और ऐसी दुर्घटनाओं को रोकना होगा इसके लिए इस अभियान से जागरूकता आयेगी वही रेडक्रास के चेयरमैन प्रीतेश चावला ने बताया कि आज जिला कलेक्टर के निर्देश और सहयोग से यह अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ट्रैक्टर ट्राली और अन्य वाहन जिन पर रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं है और ऐसे वाहनों से रात्रि में दुर्घटना की संभावनाएं अत्यधिक बनी रहती है ऐसे में जिला कलेक्टर और रेडक्रास का यह प्रयास जन-जागरूकता के तहत है उन्होंने मंडी व्यापारी एसोसिएशन और पेट्रोल पंप संचालकों से भी यह अनुरोध किया कि आपके यहां




जब भी ऐसे वाहन आये जिनमें रिफ़्लेक्टर नहीं लगे है तो उन्हें रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि इस तरह की होने वाली रात्रि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके चेयरमैन प्रीतेश चावला ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी एवं सभी सदस्य इस सेवा कार्य में हमेशा तत्पर है कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अदिति गर्ग , रेडक्रास चेयरमैन प्रीतेश चावला एसडीएम शिवलाल शाक्य, रेडक्रास के मानसेवी सचिव एवं सयुक्त कलेक्टर राहुल चौहान,सीएसपी सतनाम सिंह, आरटीओ वीरेंद्र सिंह ,कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र नाहर,संघ के मंत्री विजय, यातायात प्रभारी अर्जुन सिंह सोलंकी,सह प्रभारी शैलेंद्र चौहान, रेड क्रॉस डायरेक्टर राजेश नामदेव, राजेंद्र अग्रवाल,राजकुमार गुप्ता,प्रकाश सिसोदिया,चंद्रशेखर निगम,हेमंत शर्मा, प्रीतिपाल सिंह राणा सहित रेड क्रॉस के समस्त कर्मचारी अधिकारी और मंडी व्यापारी उपस्थित थे।

# गौतस्करों का किया पीछा, हुई पत्थरबाजी

### टोल गेट तोड़कर हुए फरार, 6 गौवंश मुक्त कराए, 2 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** लोडिंग वाहन में गौवंश भरकर ले जा रहे पशु तस्करों का गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने पीछा किया, इस दौरान पत्थरबाजी भी हुई। गौ तस्कर टोल गेट तोड़ते हुए भाग निकले। बाद में पुलिस



पहुंची, लेकिन गौतस्कर वाहन छोड़कर भाग निकले, इसमें 6 गौवंश मुक्त कराए। वहीं पुलिस ने साठ लीटर कच्ची शराब भी जब्त की। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं द्वारा गौतस्करों को पकड़ने की मुहिम जारी है। गौतस्करी की सूचना पर गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह, हर्षराज सिंह, सचिन नागदा, कृष्णपाल सिंह, अयाज खान, कुन्दन आदि ने मल्हारगढ़ के निकट लोडिंग वाहन को रोकना चाहा, लेकिन वाहन को न रोकते हुए ड्राइवर ने तेज गति से वाहन को भगाया। वाहन का पीछा गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं ने किया। पिपलिया के पास बही टोल पर नाकाबंदी कराई, लेकिन गौतस्कर टोल गेट तोड़ता हुआ भाग निकला। सूचना पर मुलतानपुरा चोकी प्रभारी कपिल सारोष्ट्रीय भी पहुंचे, लेकिन तब तक गोतस्कर वाहन (एमपी 44 जीए 2013) को छोड़कर भाग चुके थे। पुलिस ने वाहन में क्रूरतापूर्वक भरे 6 गौवंश मुक्त कराए वहीं 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब भी जब्त की। मामले में फरार हुए नीमच निवासी रिजवान पिता जाकिर काला व मुलतानपुरा निवासी आसीफ चिल्लू पिता जाकिर चिल्लू के खिलाफ केस दर्ज किया।

राहुल गांधी अब नादान परिंदे... पेज 1 से जारी

दिया, वह निर्णय लेने और लागू करने के मामलों में किसी बड़ी शक्ति का परिचायक नहीं बन सका है। फिर समस्या यह भी कि भाजपा ने एससी और एसटी के मुकाबले पिछड़ा वर्ग को बहुत अधिक तवज्जो देकर उनका खासा समर्थन हासिल भी कर लिया है। पिछड़ी जातियों की भाजपा की सत्ता में खासी ताकत है। इन हालात के बीच जब राहुल गांधी भाजपा की ऐसी कमजोरी का लाभ लेने में सफल हो जाते हैं तो फिर संघ सहित भाजपा के लिए भी यह चुनौती और जटिल हो जाती है।

सिख समुदाय तो खैर जागरूक और समझदार है। इससे जुड़े कुछ लोग अपनी राजनीतिक निष्ठा या आवश्यकताओं के चलते राहुल के कथन का विरोध न करें, लेकिन शेष लोग जानते ही हैं कि राहुल की इन बातों में कोई दम नहीं है। लेकिन सवाल यह कि भाजपा कब जागरूक होकर इस समझ का परिचय देगी कि उसकी जिन कमजोर नीतियों को राहुल ने अपनी ताकत बनाया, वह देश को जातीय संघर्ष की आग में झोंकने की भयावह सामर्थ्य रखता है? राहुल जो कह और कर रहे हैं, उसके विरुद्ध देश को तो चेतना ही होगा, लेकिन भाजपा को भी इस चेतना का प्रसार तेजी से करना होगा कि वह अपने जातिगत गणित की खामियों को दुरुस्त कर लें। जाहिर है इस भरोसे को जीतने का एक बड़ा तरीका यही हो सकता है कि इन वर्गों से पार्टी और सरकारों में नीतिगत और निर्णायक मंडल में इन तबकों का भी खासा प्रतिनिधित्व हो। इसकी गूंज नीचे जमीन तक महसूस होनी चाहिए। मोहब्बत की दुकान को अब नफरत की दुकान में बदल चुके राहुल अब 'नादान परिंदे' नहीं हैं। वह सत्ता के लिए शिकारी पक्षी में तब्दील हो गए हैं। भाजपा को भी चाहिए कि वह 'विश्व की सबसे बड़ी पार्टी' वाले घोसले से बाहर झांके और देखे कि धूप कितनी अधिक चढ़ चुकी है।

पार्षद पति सहित नौ पर... पेज 1 से जारी

के उपयोग आ रहे डंपर व जेसीबी को रोका गया व शासकीय काम में बाधा उत्पन्न की गई। शिकायत पर पुलिस ने पार्षद पति मुकेश पिता भंवरलाल पोरवाल, आशीष पिता रामगोपाल गुप्ता, भरत पिता किशनलाल शर्मा, रामगोपाल पिता भेरूलाल गुप्ता, हेमन्त पिता भरत शर्मा, दीपक केथवास, विनोद पिता कारुलाल लोहार, हेमन्त पिता बाबूलाल उणियारा, प्रदीप पिता बंशीलाल माली आदि के खिलाफ धारा 126 (2) 189 (1) 189 (2) 190, 132 में केस दर्ज किया।

### विधायक माधव मारू ने दी क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात...

# मनासा में 116.46 लाख की लागत से 1.50 किमी डामर सड़क का भूमि पूजन



**मनासा, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। विधान सभा के गांव मोकड़ी चौराहा से नगपुरा तक 1.50 किलोमीटर लंबी डामर सड़क का भूमि पूजन किया गया। इस परियोजना की लागत 116.46 लाख रुपये है। मनासा विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्री माधव मारू उन सड़कों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो पहले कभी बनी ही नहीं थी, और इन्हीं सड़कों के भूमि पूजन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दे रहे हैं।**

इस कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे, जिनमें नरेंद्र मालवीय, मदन लाल रावत, श्याम वसीटा, पंडित सीताराम जी, संग्राम सिंह, कैलाश घाटी, किशोर बैरागी, सरपंच कैलाश मोकड़ी, और कैलाश पुरोहित शामिल थे। मंच पर पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। ग्रामीण महिलाओं ने विधायक श्री मारू का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन घीसालाल जाट द्वारा किया गया। विधायक श्री मारू ने अपने संबोधन में वादा किया कि आने वाले चार सालों में क्षेत्र का कोई भी गांव सड़कों से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम के दौरान, विकलांग महिला मुन्ना बाई ने ट्राय साइकिल की मांग की, जिसे विधायक ने तुरंत स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों का उत्साह देखने को मिला और विधायक ने अपने वादों को निभाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# मप्र मानव अधिकार आयोग के स्थापना दिवस पर कार्यशाला आज

**मंदसौर, 12 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** म. प्र. मानव अधिकार आयोग के 30 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में 13 सितंबर शुक्रवार को म.प्र. मानव अधिकार आयोग मित्र जिला मंदसौर इकाई के तत्वावधान में नगर पालिका सभागार में दोपहर 12:15 से 1:30 बजे तक 'नगरीय सुशासन और मानव अधिकार' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर सम्मिलित होंगे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विधायक विपिन जैन, नपा अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग और जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। म.प्र. मानव अधिकार आयोग द्वारा नियुक्त आयोग मित्र डॉ. घनश्याम बटवाल, ब्रजेश जोशी, डॉ.उर्मिला तोमर और डॉ.के एल राठौर ने नगर पालिका के समस्त पार्षदों नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों प्रमुख दायित्व वान कर्मचारियों, नगर के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि गण सामाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य जागरूक महानुभावों से अनुरोध किया है कि 13 सितंबर शुक्रवार को नपा सभागार में दोप. 12:15 से 1:30 बजे तक उक्त महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस कार्यशाला अवश्य सम्मिलित हों।

# मऊगंज जिले के अपर कलेक्टर पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ाए

**रीवा, 12 सितम्बर।** लोकायुक्त टीम रीवा ने मऊगंज जिले में कार्रवाई करते हुए मऊगंज जिले के अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी को 5000 रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। उक्त कार्रवाई अपर कलेक्टर के चेंबर में की गई है।

मामले की जानकारी देते हुए लोकायुक्त एसपी गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया कि जमीन के बंटवारे की फाइल को राजस्व न्यायालय द्वारा शिकायतकर्ता रामनिवास तिवारी ग्राम खूझ तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज के पक्ष में फैसला करने के लिए अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी द्वारा 20000 रुपए की मांग की गई थी। पहली किस्त में वह 10000 रुपए पहले ही ले चुके थे। जब शिकायतकर्ता ने शेष 10000 रुपए में कुछ कंसेशन करने की बात की तो उन्होंने 5000 का कंसेशन भी शिकायतकर्ता को दिया था। शेष बचे 5000 को बुधवार की देर दोपहर अपने चेंबर में बतौर रिश्वत लेते हुए अपर कलेक्टर पकड़े गए हैं। उक्त कार्रवाई उप



पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार एवं निरीक्षक जियाउल हक सहित 12 सदस्यीय टीम के द्वारा की गई है। अपर कलेक्टर के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत करने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर तहसील सीतामऊ

(ब मामले वाद धारा 109/110 म.प्र. भू राजस्व संहिता नामांतरण)

प्रकरण क्रमांक–0460/ब–6/2024–25 2114/12.09.2024

### *** उद्घोषणा ***

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटड़ामाता स्थित भूमि सर्वे नं. 930, 944 रकबा क्रमशः 0.64, 0.38 हे. कुल किता 02 रकबा 1.02 हे. पर आवेदक भेरुलाल पिता मोड़ा जाति गायरी निवासी कोटड़ामाता द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नामांतरण करने हेतु न्यायालय में कार्यवाही जारी है।

अतएव जिस किसी को आपत्ति हो विज्ञप्ति चस्पा होने के दिन से 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति पटवारी ग्राम कोटड़ामाता व न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर में प्रस्तुत करें। अवधि गुजरने के बाद को किसी की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 12.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक–27.09.2024

नायब तहसीलदार
टप्पा कयामपुर, तह– सीतामऊ, जिला–मंदसौर (म.प्र.)

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in